08/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार ही जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर सकती है। कल जम्मू में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से श्री शाह ने कहा कि उन्होंने स्वयं वर्ष 2019 में संसद में कहा था कि विधानसभा चुनाव के बाद उपयुक्त समय पर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। श्री शाह ने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे क्योंकि ये चुनाव अनुच्छेद 370 को समाप्त किये जाने के बाद पहली बार कराये जा रहे हैं। गृहमंत्री ने कहा कि यह आजादी के बाद पहला अवसर होगा जब जम्मू कश्मीर की जनता **एक ध्वज** यानी तिरंगे और बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान के तहत मतदान करेगी। श्री शाह ने आरोप लगाया कि विपक्ष दल जम्मू-कश्मीर में पुरानी व्यवस्था कायम करना चाहते हैं और पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति बहाली होने तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। श्री शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-**एनडीए** की सरकार गुज्जर, पहाडी, बकरवाल और दलितों सहित किसी भी समुदाय के साथ अन्याय नहीं होने देगी जिन्हें भारतीय जनता पार्टी सरकार ने आरक्षण दिया है।

0000000000000000000

महान गायक डॉ. भूपेन हजारिका की 98वीं जयंती पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कला, संस्कृति और समाज में उनका योगदान हमेशा अमर रहेगा। मुख्यमंत्री खांडू ने डॉ. भूपेन हजारिका द्वारा रचित भावपूर्ण संगीत के लिए भी आभार व्यक्त किया, जिसने लोगों को एकजुट किया। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा गर्व और आभार है कि भूपेन हजारिका ने "अरुणाचल हमारा" गीत लिखा, जो अरुणाचल प्रदेश का राज्य गीत है। भूपेन हजारिका इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा अपातानी महिला संघ जीरो के सहयोग से आज शाम हापोली के अबोतानी हॉल में महान गायक-संगीतकार को श्रद्धांजलि देने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

0000000000000000000

पत्र सूचना कार्यालय-**पीआईबी** की तथ्य जांच इकाई ने एक ऐसे धोखाधडी के प्रति लोगों को आगाह किया है जिसमें जालसाज प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत पंजीकरण फीस के रूप में आठ हजार रूपये की मांग कर रहे हैं। तथ्य जांच इकाई ने कहा कि लोगों को जाली पत्र भेजे जा रहे हैं जिसमें कहा गया है कि इस योजना के अंतर्गत उनका आवेदन पंजीकरण फीस देने के बाद स्वीकृत किया जाएगा।

सरकार ने इस तरह के किसी भी दावे को खारिज किया है और कहा है कि यह पत्र फर्जी है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सलाह दी है कि पीएम-कुसुम योजना में रूचि रखने वाले लोगों को पैसे जमा करने या व्यक्तिगत सूचना साझा करने से पहले वेबसाइट की प्रामाणिकता की जांच करनी चाहिए।

योजना के लिये पात्रता और कार्यान्वयन से संबंधित विस्तृत सूचना मंत्रालय की वेबसाइट “pmkusum.mnre.gov.in” और टॉल फ्री नम्बर 1800-180-3333 पर उपलब्ध है।

0000000000000000000

देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज (डीएनजीसी) ने शुक्रवार को अपनी स्थापना के 46 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में अपने 14 उत्कृष्ट पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। उत्कृष्ट पूर्व छात्रों में आपदा प्रबंधन निदेशक कोमकर दुलोम, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश जेके, न्यिशी एलीट सोसाइटी के उपाध्यक्ष सफ़र पाओ, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बोम्पी गापाक, एवरेस्टर टैगिट सोरंग, अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष अमर सांगनो और उद्यमी बामंग तानियांग शामिल हैं। कॉलेज ने खेल के क्षेत्र में मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर राज्य के साथ-साथ कॉलेज का भी नाम रोशन किया।

0000000000000000000

Bramadungchung एनी गोंपा से लगभग दो किलोमीटर आगे जल आपूर्ति प्रणाली को नुकसान पहुंचाने से तवांग और आसपास के इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। पीएचईडी के सहायक अभियंता डोगे कामदुक के अनुसार लगातार भारी बारिश के बाद शनिवार की सुबह भूस्खलन के कारण यह क्षतिपुर्ति हुआ। पीएचईडी ने सहायता का अनुरोधके बाद तीन स्थानीय बाजारों से लगभग 30 स्वयंसेवक पीएचईडी श्रमिकों के साथ मिलकर बहाली के प्रयासों में मदद कर रहे हैं।

इस बीच, डीसी के अनुरोध पर, भारतीय सेना की तवांग ब्रिगेड के पानी के टैंकरों को विभिन्न कॉलोनियों में निवासियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए तैनात किया गया है।

0000000000000000000

शनिवार को देवमाली में वांगचा राजकुमार सरकारी कॉलेज के रेड रिबन क्लब द्वारा 'जागरूकता के लिए दौड़: तिरप और लोंगडिंग में एचआईवी/एड्स को समाप्त करें' थीम पर 7 किलोमीटर की 'रेड रन' मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। कॉलेज की एनएसएस इकाई, नामसांग यूथ काउंसिल और कॉलेज के पूर्व छात्र संघ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को अरुणाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी का समर्थन प्राप्त था। आरके मिशन गेट से शुरू होकर कॉलेज परिसर में समाप्त होने वाली इस दौड़ में 47 छात्रों ने भाग लिया। प्रिंसिपल चायोन बांगयांग ने मैराथन को हरी झंडी दिखाkar आयोजकों की सराहना की, उन्होंने कहा यह न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देगा बल्कि एचआईवी/एड्स के बारे में महत्वपूर्ण जागरूकता भी पैदा की।

0000000000000000000

अरुणाचल का प्रतिनिधित्व करने वाले गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल याजली ने शनिवार को नई दिल्ली में 63वें सुब्रतो कप (अंडर-17) जूनियर बॉयज इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हरियाणा के लॉर्ड कृष्णा एसएसएस को 4-3 से हराया। बायबांग पाथ ने हैट्रिक जबकि तागे कोबिंग ने अपनी टीम के लिए विजयी गोल किया। हरियाणा एसएसएस के लिए यमन, सोनू और समीर ने गोल किए।

जीएचएसएस याजली अब सोमवार को पहले सेमीफाइनल में मिंगकेन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल, मेघालय से भिड़ेगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन का मुकाबला टीजी इंग्लिश स्कूल, बिष्णुपुर, मणिपुर से होगा।

0000000000000000000